# प्रेस –नोट

## थाना सीपरी बाजार

**दिनाँक 13.06.2025**

- **थाना सीपरी बाजार पुलिस द्वारा चोरी की घटना का सफल अनावरण -**
- **04 अभियुक्ता चोरी के 10 मोबाइल के साथ गिरफ्तार।**

**कृपया अवगत कराना है कि श्रीमान अपर पुलिस महानिदेशक, कानपुर जोन, कानपुर, श्री आलोक सिंह व श्रीमान पुलिस उपमहानिरीक्षक, झाँसी परिक्षेत्र, झाँसी श्री केशव कुमार चौधरी के कुशल मार्गदर्शन व वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक झाँसी श्री बीबीजीटीएस मूर्ति के कुशल निर्देशन में** जनपद झाँसी में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध झाँसी पुलिस द्वारा की जा रही प्रभावी कार्यवाही के क्रम में थाना सीपरी बाजार पुलिस द्वारा दिनांक 13.06.2025 को समय करीब 7.30 बजे सुबह थाना क्षेत्र में रोकथाम अपराध ,चेकिंग संदिग्ध व्यक्ति, लुटेरे ,वाहन चोर/वांछित अपराधी एवं पतारसी सुरागरसी एवं चेकिंग के दौरान मुखबिर खास की सटीक सूचना पर मु0अ0सं0 213/2025 धारा 305(ए) बीएनएस से सम्बन्धित 04 अभियुक्ता को ITI अण्डरब्रिज के पास से चोरी के 10 अलग-अलग मोबाइल फोन के साथ गिरफ्तार किया गया ।

गिरफ्तारी एवं बरामदगी के सम्बन्ध में थाना सीपरी बाजार पुलिस द्वारा अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है।

दिनांक 11.06.2025 को थाना सीपरी बाजार क्षेत्र के अलग अलग घरों से कुछ महिलाओं द्वारा मोबाईल चोरी किये गये थे, जिसके सम्बन्ध में थाना सीपरी बाजार में मु0अ0स0- 213/2025 धारा 305(ए) पंजीकृत किया गया था। पुलिस टीमों द्वारा सीसीटीवी अन्य साक्ष्यों के आधार घटना का सफल अनावरण कर 04 अभियुक्ता को चोरी के 10 अलग-अलग कम्पनी के मोबाइल फोन के साथ गिरफ्तार किया गया है।

**गिरफ्तार अभियुक्तगण तथा उनसे बरामद मोबाइल का विवरण –**

1. गंगावती पत्नी लखन उम्र करीब 45 वर्ष अस्थायी पता रेलवे पुल के पास नगरा थाना प्रेमनगर जिला झाँसी के पास से दो एन्ड्रोइड मोबाइल (OPPO कम्पनी)
2. रीमा पत्नी बिहारी उम्र करीब 32 वर्ष अस्थायी पता रेलवे पुल के पास नगरा थाना प्रेमनगर जिला झाँसी के पास से दो एन्ड्रोइड मोबाईल (IQOO, INFINIX कम्पनी )
3. गौरी पुत्री अजय उम्र करीब 22 वर्ष अस्थायी पता रेलवे पुल के पास नगरा थाना प्रेमनगर जिला झाँसी के पास से तीन एन्ड्रोइड मोबाईल ( 1 SAMSUNG , 02 VIVO कम्पनी )
4. खुशबू पत्नी कृष्णा उम्र करीब 20 वर्ष अस्थाई पता रेलवे पुल के पास नगरा थाना प्रेमनगर जिला झाँसी के पास से तीन एन्ड्रोइड मोबाईल (1.REDMI , 2.REALMI 3. 1 ओप्पो कम्पनी )

**पुलिस टीम**

प्रभारी निरीक्षक थाना सीपरी बाजार मय पुलिस टीम।